# Office of the Principal Ch. Bansilal Govt. College for Women

# Tosham (Bhiwani)

## NOTICE

Date:-28.08.2025

हरियाणा सरकार सरकारी कॉलेजों में अंतिम वर्ष/ Final Year (स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) में पढ़ने वाली छात्राओं को निःशुल्क पासपोर्ट जारी करती है ताकि वे प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और अपनी प्रतिभा के अनुरूप विदेशों में रोजगार प्राप्त कर सकें। इसके लिए, हरियाणा सरकार पासपोर्ट शुल्क का खर्च स्वयं वहन करती है। शुरुआत में, छात्राओं को पासपोर्ट आवेदन शुल्क के रूप में 1,500 रुपये स्वयं वहन करने होते हैं। पासपोर्ट जारी होने के बाद, छात्राओं को पासपोर्ट पोर्टल (उच्च शिक्षा विभाग) पर शुल्क वापसी/ अदायगी (Reimbursement) के लिए आवेदन करना होगा। तदनुसार, कॉलेज/उच्च शिक्षा विभाग निर्दिष्ट पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने वाली छात्राओं को शुल्क प्रतिपूर्ति/ अदायगी (Reimbursement) की व्यवस्था करेगा।

इस संबंध में निम्नलिखित दिशानिर्देशों पर ध्यान दें:-

(i) छात्राएं पासपोर्ट सेवा पोर्टल/कार्यालय, भारत सरकार के वेब पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कराएं और पासपोर्ट के लिए आवेदन करें।

(ii) पासपोर्ट जारी होने के बाद, छात्राएं जारी किए गए पासपोर्ट की प्रति और शुल्क रसीद के साथ बैंक खाते का विवरण अपलोड करके पासपोर्ट शुल्क प्रतिपूर्ति/ अदायगी (Reimbursement) के लिए आवेदन कर सकती हैं। (उच्च शिक्षा पंजीकरण संख्या/कॉलेज रोल नंबर और ओटीपी का उपयोग करके, Weblink - https://passport.higheredthe.ac.in)

(iv) कॉलेज पासपोर्ट प्रतिपूर्ति शुल्क के लिए प्राप्त आवेदनों का सत्यापन/जांच करेगा। एक छात्रा केवल तभी प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगी जब उसके सभी आवश्यक दस्तावेज/कागज़ात सही पाए जाएंगे।

(v) पासपोर्ट कार्यालय में पासपोर्ट के लिए आवेदन करने मात्र से छात्राएँ पासपोर्ट शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए पात्र नहीं होंगी। शुल्क की प्रतिपूर्ति केवल तभी की जाएगी जब छात्रा पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया पूरी कर ले और उसे पासपोर्ट प्राप्त हो जाए।

सभी पात्र विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी शैक्षणिक एवं कैरियर प्रगति के लिए उपरोक्त योजना का अच्छा उपयोग करें।

**नोट**: छात्राएं उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा जारी नि:शुल्क पासपोर्ट योजना के बारे में विस्तृत निर्देशों के लिए वेबपेज (https://passport.higheredhry.ac.in) ब्राउज़ कर/ देख सकती हैं।

28.08.2025
Convener (Passport Committee)

Principal 28/08/25